दिनाँक 09 सितम्बर 2022 को दयानन्द सुभाष नेशनल (पी.जी.) कॉलेज, उन्नाव में शिक्षक पर्व के पांचवे और अंतिम दिन शिक्षक पर्व समापन समारोह का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में डॉ. उमेश बाजपेयी, डीन-फैकल्टी ऑफ़ आर्ट ने कहा कि शिक्षक पर्व के अंतर्गत पिछले दिनों महाविद्यालय में जो भी कार्यक्रम हुए वे प्रासंगिक एवं सार्थक थे जो शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार करेंगे ,उन्हें अभिप्रेरित करेंगे ऐसे कार्यक्रम शिक्षा संस्थानों, शिक्षकों व् शिक्षा की गरिमा को बढ़ाते है।इस प्रेरणादायी , प्रासंगिक कार्यक्रम के लिये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आनन्द शुक्ला जी एवं आयोजन समिति को मै बधाई देता हूँ।

इस अवसर पर उपस्थित डॉ.पवन श्रीवास्तव,डीन, फैकल्टी ऑफ़ साइंस ने अपने उदबोधन में कहा कि शिक्षक पर्व के विभिन्न कार्यक्रमो की रुपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक , हर स्तर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आनन्द शुक्ला जी एवं शिक्षक पर्व कार्यक्रम समिति की संयोजिका,सह-संयोजक व् सदस्यों का विशेष योगदान रहा है। शिक्षक पर्व कार्यक्रम को शैक्षिक,शानदार व् सुखद बनाने के लिए आप सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

शिक्षक पर्व समापन कार्यक्रम में डॉ सुनील वर्मा ,डॉ राकेश चौरसिया , डॉ रामानुज, डॉ शुभा द्विवेदी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पर्व कार्यक्रम समिति की सदस्या डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया और आभार सह-संयोजक डॉ सुदर्शन सिंह ने व्यक्त किया।

सरस्वती श्रुति महती न हीयताम्
१९४६
उन्नाव